दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 12 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरीशस में कहा– बिहार की समृद्धि और गौरव को फिर से वापस लाने के लिए भारत सरकार प्रतिबद्ध है।

02. राज्य सरकार इस वर्ष लगभग पैंसठ हजार पदों पर स्थायी बहाली करेगी। स्वास्थ्य और पुलिस विभाग समेत विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया शुरू।

03. जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा– जल जीवन हरियाली मिशन से प्रदेश में भू–जल का क्षेत्र नौ सौ उनतीस वर्ग किलोमीटर तक बढ़ा।

04. और, पटना में चल रही नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोपालगंज के आकाश अश्विनी ने हेप्टाथलॉन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरीशस को भारत और ग्लोबल साउथ के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु बताया है। मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुई में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मॉरीशस भारत के सागर विजन के केंद्र में बना हुआ है। प्रधानमंत्री ने अपने तीस मिनट के भाषण की शुरूआत में भोजपुरी भाषा का भी इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि एक समय बिहार दुनिया की समृद्धि का केंद्र था। अब हम मिलकर बिहार का गौरव फिर से वापस लाने के लिए काम कर रहे हैं।

–––बाईट–––

---

प्रदेश में इस साल लगभग पैंसठ हजार पदों पर स्थायी नियुक्ति होगी। इसके लिए विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इनमें सबसे अधिक लगभग बीस हजार सिपाही के पदों पर भर्ती होगी। केन्द्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती ने इस संबंध में विज्ञापन जारी कर दिया है। पर्षद के अपर पुलिस महानिदेशक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि इनमें छह हजार एक सौ सत्रह पद महिलाओं के लिए आरक्षित है।

–––बाईट–––

इधर, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि सरकारी अस्पतालों में फार्मासिस्ट, एक्स–रे और ईसीजी तकनीशियन समेत ग्यारह हजार नौ सौ पच्चीस पदों पर जल्द ही बहाली की जायेगी। उन्होंने विधान परिषद में कहा कि भर्ती प्रक्रिया के लिए बिहार तकनीकी सेवा आयोग को पत्र भेजा गया है। इस बीच, आयोग ने दो हजार

चार सौ तिहत्तर पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है। वहीं, जल संसाधन विभाग में भी इस वर्ष दो हजार दो सौ इकतीस पदों पर शीघ्र बहाली की जायेगी। विभागीय मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विधानसभा में यह जानकारी दी। गौरतलब है कि बिहार लोक सेवा आयोग, बिहार तकनीकी सेवा आयोग और बिहार कर्मचारी चयन आयोग समेत अन्य भर्ती आयोगों की ओर से विभिन्न विभागों में नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।

---

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि प्रदेश जल संकट के मुहाने पर खड़ा है। विधानसभा में विभागीय बजट पर सरकार का पक्ष रखते हुये उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार पचास तक प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता मात्र छह सौ पैंतीस घन मीटर रह जायेगी। उन्होंने आईआईटी पटना के शोध के हवाले से कहा कि अगले पच्चीस वर्षों में लगभग सैंतीस प्रतिशत जल की उपलब्धता कम हो जायेगी। मंत्री ने कहा कि जल जीवन हरियाली मिशन के तहत संचालित योजनाओं के माध्यम से सरकार जल संकट को दूर करने का प्रयास कर रही है।

———बाईट———

---

राज्य सरकार ने कहा है कि राज्यकर्मियों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने पर काम चल रहा है। विधान परिषद में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि वित्त और स्वास्थ्य विभाग ने इस पर चर्चा की है और जल्द ही इसे लागू किया जाएगा।

———बाइट———

---

प्रदेश में गेहूँ की खरीद एक अप्रैल से शुरू होगी। सहकारिता विभाग ने जिला सहकारिता अधिकारियों पैक्स और व्यापार मंडल के माध्यम से किसानों से गेहूँ खरीदने के निर्देश दिये हैं। इसके अतिरिक्त भारतीय खाद्य निगम भी गेहूँ खरीद के लिए क्रय केंद्र खोलेगा। सरकार ने गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार चार सौ पच्चीस रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। विभाग के अनुसार पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से ही गेहूँ की खरीद की जायेगी और अड़तालीस घंटों के अंदर उनका भुगतान किया जायेगा।

---

प्रदेश में गर्मी के मौसम में पीने के पानी की व्यवस्था के लिए जिलास्तर पर चापाकल मरम्मत के लिए चलंत वाहन दस्ता बनाया गया है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार सिंह ने विधानसभा में कहा कि ग्रामीण इलाकों में पानी की समस्या से निपटने के लिए कार्यपालक अभियंता प्रतिदिन मरम्मत कार्यों की निगरानी करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में एक लाख बीस हजार से अधिक चापाकलों की मरम्मत की जानी है। चापाकल मरम्मत के लिए लोग टोल फ्री नम्बर– एक आठ शून्य शून्य एक दो तीन एक एक दो एक या एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच एक एक दो एक पर कॉल कर सकते हैं।

---

बेगूसराय में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के निर्माण के लिए राज्य की ओर से केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। विधानसभा में एक ध्यानाकर्षण के जवाब में प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी ने यह जानकारी दी। श्री चौधरी ने बताया कि छोटे विमानों के लिए बेगूसराय में रन–वे पहले से ही बना हुआ है।

---

निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों से निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी–ईआरओ, जिला चुनाव अधिकारी–डीईओ या मुख्य चुनाव अधिकारी–सीईओ के स्तर पर अनसुलझे मुद्दों पर तीस अप्रैल तक सुझाव आमंत्रित किए हैं। आयोग ने कहा कि इसके माध्यम से चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत का भी अवसर मिलेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पिछले सप्ताह निर्वाचन आयोग के सम्मेलन के दौरान सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी समस्याओं को कानूनी ढंग से हल करने तथा इकतीस मार्च तक आयोग को एक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया।

---

आकाशवाणी के प्रादेशिक समाचार एकांश, पटना ने हिन्दी भाषा के लिए आकस्मिक समाचार संपादक और आकस्मिक प्रसारण सहायक के पदों के लिए आवेदन की तिथि में संशोधन किया है। इच्छुक अभ्यर्थी अब पच्चीस मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। पहले यह तिथि सात मार्च तक निर्धारित थी। आवेदन पत्र न्यूज ऑन एआईआर डॉट जीओवी डॉट इन के वेकेंसी सेक्शन से प्राप्त किये जा सकते हैं।

---

खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने सभी राज्यों से कहा है कि वे मार्च में चल रहे त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए दूध से बने उत्पादों पर निगरानी बढ़ाएं। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि इस उपाय का उद्देश्य बढ़ती मांग की अवधि के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट और गलत लेबलिंग को रोकना है। गौरतलब है कि डेयरी एनालॉग्स ऐसे उत्पाद हैं, जिनमें दूध आंशिक रूप से

होता है, या बिलकुल भी नहीं होता। लेकिन ये दिखने, बनावट और कार्यक्षमता में दुग्ध उत्पादों से मिलते–जुलते हैं।

---

राज्य सरकार ने बर्ड फ्लू के बढ़ते मामले को देखते हुए मध्याह्न भोजन योजना के तहत बच्चों को अंडा देने पर फिलहाल रोक लगाने का फैसला किया है। मध्याह्न भोजन योजना की निदेशक साहिला ने बताया कि अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को अंडे की जगह बच्चों को मौसमी फल दिया जाएगा।

---

पटना मेट्रों का निर्माण कार्य जोरशोर से जारी है। पन्द्रह अगस्त से मेट्रों के पहले चरण की शुरूआत होने की सम्भावना है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल पटना जंक्शन के पास तीसरे टनल बोरिंग मशीन ब्रेक थ्रू का बटन दबाकर शुभारंभ किया।

---

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि इस वर्ष के केंद्रीय बजट में भारतीय भाषा पुस्तक योजना के कार्यान्वयन के लिए प्रावधान के अंतर्गत अंग्रेजी सहित सभी बाईस अनुसूचित भाषाओं की पाठ्यपुस्तकों का डिजिटलीकरण किया जाएगा। श्री प्रधान ने राज्यसभा में बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कोई भी भाषा थोपी नहीं गई है और बहुभाषावाद समय की मांग है।

–––बाईट–––

हमारी एक दृष्टिकोण है भारत की सभ्यता को कैसे देखें। भारतीयता के ऊपर हमारी एक नाज है भारतीय भाषाओं के ऊपर हमारी नाज है। इसलिए इस बार की बजट में भारतीय भाषा पुस्तक योजना भारत में 22 शेड्यूल लैंग्वेज हैं उसके ऊपर इंग्लिश भी है 23वीं। भारत की 22 शैड्यूल लैंग्वेज में कम से कम 1000 पाठ्य पुस्तक 22 भाषाओं में। शायद तमिलनाडु की मैथमेटिक्स की पुस्तक आसम के विद्यार्थियों को काम आये, शायद पंजाब की लिट्रेचर की कोई विषय शायद ओडिशा में इंस्पायर करेगा, शायद ओडिशा की कोई पाठ्यपुस्तक गुजरात को इंस्पायर करेगा।

---

भारतीय रिजर्व बैंक ने घोषणा की है कि महात्मा गांधी के चित्र वाले एक सौ और दो सौ रुपये के नई सीरीज के नोट शीघ्र जारी किये जायेंगे। रिजर्व बैंक के अनुसार इन नोटों का डिज़ाइन महात्मा गांधी के चित्र वाले मौजूदा एक सौ और दो सौ रुपये के नोटों से मिलता–जुलता होगा। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि पूर्व में जारी किए गए सभी एक सौ और दौ सौ रुपये के नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

---

बिहार सरकार ने केंद्रीय बजट में ग्यारह हजार पांच सौ पचास करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की घोषणा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के पुनरुद्धार, जीर्णोद्धार और सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय सहायता का आश्वासन देने के लिए केंद्र को धन्यवाद भी दिया, जिससे मिथिला क्षेत्र, दरभंगा और मधुबनी के लोगों को लाभ होगा।

---

पूरवा हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौंतीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में चल रही बीसवीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोपालगंज के आकाश अश्विनी ने कांस्य पदक जीता है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने पाकिस्तान में बलूच विद्रोहियों द्वारा ट्रेन पर कब्जा करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अखबार लिखता है– तीस सैनिक मारे गये, दो सौ चौदह यात्री बंधक। दैनिक जागरण की सुर्खी है– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरीशस में कहा– बिहार की समृद्धि और गौरव को फिर से वापस लाने के लिए भारत सरकार प्रतिबद्ध है।

02. राज्य सरकार इस वर्ष लगभग पैंसठ हजार पदों पर स्थायी बहाली करेगी। स्वास्थ्य और पुलिस विभाग समेत विभिन्न विभागों में भर्ती प्रक्रिया शुरू।

03. जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा– जल जीवन हरियाली मिशन से प्रदेश में भू–जल का क्षेत्र नौ सौ उनतीस वर्ग किलोमीटर तक बढ़ा।

04. और, पटना में चल रही नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गोपालगंज के आकाश अश्विनी ने हेप्टाथलॉन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।